राजस्थान डोमेस्टकि ट्रेवल मार्ट-2023 : पर्यटन मंत्री ने कयिा आरडीटीएम के तीसरे संस्करण का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

15 जुलाई, 2023 को राजस्थान के पर्यटन मंत्री वशि्वेंद्र सहि ने प्रदेश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लयि राजस्थान डॉमेस्टकि ट्रेवल मार्ट के तीसरे संस्करण का जयपुर स्थति राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना में उद्घाटन कयिा।

प्रमुख बदिु

- पर्यटन मंत्री वशि्वेंद्र सहि ने कहा कि प्रदेश में घरेलू पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। राजस्थान पर्यटन अपने पर्यटन उत्पादों, पर्यटन अनुकूल नीतियों, योजनाओं और नवाचारों के कारण देश के सबसे पसंदीदा डेस्टनिेशंस में से एक है।
- राजस्थान पर्यटन वकिास नगिम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान अपनी रूरल टूरज्मि पॉलसिी, फलि्म प्रमोशन पॉलसिी जैसी दूरदर्शी पर्यटन नीतियों के साथ देश भर के राज्यों के लयि एक आदर्श है। यह पर्यटन और आतथि्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने वाला पहला राज्य है।
- उन्होंने कहा कि अब तक यूडी टैक्स और बजिली छूट जैसे क्षेत्रों में लगभग 1000 होटल इससे लाभान्वति हुए हैं। राज्य सरकार ने टूरज्मि डेवलपमेंट फंड को भी 1000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपए कर दयिा है। इसके अतरिक्ित, राज्य में 5 अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ कोर्स और 5 माईस **(MICE)** सेंटर भी खुल रहे हैं।
- राजस्थान लघु उद्योग नगिम के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने बताया कि सरकार की पहल के कारण वर्ष 2019 में 187 प्रोजेक्ट्स की तुलना में वर्ष 2022 में 4500 करोड़ रुपए के प्रस्तावति नविेश और 14856 कमरों वाली 206 नई परियोजनाएँ पंजीकृत की गई हैं।
- वर्ष 2021 के दौरान 2.20 करोड़ की तुलना में वर्ष 2022 में 10.87 करोड़ पर्यटक राजस्थान आए। एक वर्ष में पर्यटकों की संख्या में 8 करोड़ की वृद्धि राज्य सरकार की बड़ी उपलब्धि है।
- पर्यटन वभिाग की प्रमुख शासन सचवि गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उद्योग लाभ के दायरे में अधकितम संख्या में पर्यटन इकाइयों को शामलि करने का प्रयास कयिा गया है।
- राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में होटल, मोटल, 10 या अधकि कमरों वाले, रीको भूमि पर होटल संचालति पर्यटन इकाइयों, होटलों, आरटीडीसी और आरएसएचसी होटलों, केंद्र और राज्य सरकार के संग्रहालयों पर राजस्व वभिाग व ज़लिा कलेक्टर द्वारा रूपांतरण आदेश लागू कयिा है।
- राजस्थान न केवल पर्यटन बल्कि नविेश के क्षेत्र में भी पसंदीदा डेस्टनिेशन है। राज्य में नये धार्मकि सर्कटि भी वकिसति कयि जा रहे हैं।
- एफएचटीआर के अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य की मूर्त और अमूर्त वरिासत को संरक्षति करने की भी सख्त ज़रूरत है और यही कारण है कि इस वर्ष मार्ट की थीम उपयुक्त रूप से सस्टेनेबल टूरज्मि रखी गई है।
- इस दौरान रीगल राजस्थान-सस्टेनेबलिटी एंपावरगि द फ्यूचर पर एक ट्रैवल पब्लकिेशन का भी वमिोचन कयिा गया।
- उल्लेखनीय है कि आरडीटीएम का आयोजन राजस्थान सरकार के पर्यटन वभिाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पटिैलटिी एंड टूरज्मि ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा कयिा जा रहा है। इस वर्ष मार्ट की थीम सस्टेनेबल टूरज्मि रखी गई है।
- 16 जुलाई तक चले इस कार्यक्रम में राजस्थान के 200 से अधकि प्रदर्शकों ने अपने पर्यटन उत्पादों का प्रदर्शन कयिा और पूरे भारत से 200 से अधकि डोमेस्टकि टूर ऑपरेटर्स ने भाग लयिा।
- दो दनिों के दौरान खरीदारों और वक्रिेताओं के बीच 7 हजार से अधकि बी2बी संरचति बैठकें हुईं, जन्हिोंने अपने 600 से अधकि पर्यटन उत्पादों जैसे होटल, मोटल्स, रसिॉर्ट्स, ईटरीज, हेरटिेज प्रॉपर्टीज, एम्यूजमेंट पार्क आदि की कुशलता और क्षमता का प्रदर्शन कयिा।
- मार्ट में देश के लगभग सभी राज्यों जैसे गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमलिनाडु, पश्चमि बंगाल, उड़ीसा आदि से बायर्स शामलि हुए।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-domestic-travel-mart-2023-tourism-minister-inaugurated-the-third-edition-of-rdtm